हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

नवरात्रि विशेष



तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है। पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता। प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

साधारण बस के साथ डीलक्स-एसी स्लीपर की दरें भी बढ़ीं

रायपुर दुर्ग और कवर्धा के सफर में लगेंगे 40% तक अधिक दाम

बस का सफर भी महंगा, हर सौ किमी में लगेंगे 50 रुपए अधिक

जिलेभर में जल्द लागू कर दी जाएंगी नई दरें, यात्रियों को देने होंगे अधिक दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पेट्रोल-डीजल महंगा होने से जहां आम लोगों पर पहले से ही महंगाई का बोझ है, वहीं इसी बीच अब बसों से सफर करने वाले यात्रियों को भी यात्रा करने के लिए अधिक रकम खर्च करनी होगी। बस ऑपरेटर संगठनों की मांग के बाद प्रदेश सरकार ने बस सफर का किराया बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। बढ़े हुए दाम के बाद अब साधारण बसों का किराया 40 प्रतिशत तक बढ़ गया है। यानी अब 100 किलोमीटर सफर करने पर यात्रियों को अब 50 रुपए तक ज्यादा देने होंगे। साधारण के साथ ही डीलक्स और एसी स्लीपर की दरें भी बढ़ गई हैं।

मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के परिवहन विभाग की 8 अक्टूबर 2026 की अधिसूचना में साधारण से लेकर डीलक्स, एसी स्लीपर और सुपर लग्जरी बसों के किराए की नई दरें तय की गई हैं। पूर्व की दरों से तुलना करें, तो साधारण बस का प्रति किलोमीटर किराया 1.25 रुपए से बढ़कर 1.75 रुपए हो गया है। यानी प्रति किलोमीटर 50 पैसे और करीब 40% की बढ़ोतरी हुई है। इसका असर उन यात्रियों पर पड़ेगा, जो रोजाना काम, पढ़ाई या दूसरे जरूरी काम के लिए बस से सफर करते हैं। बताया गया कि नई दरों में शुरुआती 5 किलोमीटर का किराया साधारण बस में पहले 5 किमी के लिए अब 10 रुपए देने होंगे, जबकि पहले यह 7.50 रुपए था।

साधारण बस में 100 किलोमीटर की यात्रा का किराया दिए गए गणना आधार पर पुरानी दरों से 126.25 रुपए और नई दरों से 176.25 रुपए बनता है।

खास बातें

- शुरुआती पांच किमी के लिए दस रुपए का न्यूनतम किराया
- हर किमी के अब 1.25 रुपए के बदले लगेंगे 1.75 रुपए
- सुविधा बढ़ाने की तरफ संचालकों का कोई ध्यान नहीं



अधिक किराए वसूलने की भी शिकायत

एक तरफ जहां अब बसों का किराया 40 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है, जिससे आम यात्रियों पर बोझ बढ़ा है। वहीं ओर बस संचालकों द्वारा भी यात्रियों को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाती है। जिले के लगभग सभी रुट से यह शिकायत सामने आती रही है कि सरकार द्वारा निर्धारित किराए से अधिक दाम वसूले जाते है। चिल्लर का बहाना बनाकर बस कंडक्टर लोगों से हर यात्रा में 2 से 5 रुपए तक अतिरिक्त वसूल रहे है, जिसमें लगाम लगाना जरुरी है।

कोरोना के बाद यात्री घटे

बस संचालकों का कहना है कि कोरोना काल के बाद से ही दो पहियो की रिकार्ड बिक्री के चलते बसों में यात्री घटते चले गए है। उन्होंने बताया कि कोरोना के बाद लगातार यात्रियों में आई कमी के चलते पहले ही बस संचालन करना चुनौतीपूर्ण कार्य हो गया था, ऐसे में किराया बढ़ाया जाना आवश्यक था।

इन शहरों का इतना बढ़ा किराया

बस संचालकों से मिली जानकारी के अनुसार सभी शहरों के किराए में बढ़ोत्तरी देखने को मिलेगी। राजनांदगांव से खैरागढ़ अब 50 की जगह 70 रुपए, छुईखदान 70 की जगह 92, गंडई 100 की जगह 130, कवर्धा 150 की जगह 200, डोंगरगढ़ 50 की जगह 70, डोंगरगांव 36 की जगह 47, चौकी के लिए अब 90, मोहला के लिए 123 रुपए और मानपुर के लिए 175 रुपए का किराया देना होगा। हालांकि राजपत्र में प्रकाशन नहीं होने के चलते अभी नया किराया नहीं वसूला जा रहा है।

एसी व स्लीपर बसों में भी बढ़ोतरी

साधारण बस के अलावा लग्जरी एसी बस का किराया भी 2.75 रुपए से बढ़कर 3.30 रुपए प्रति किलोमीटर कर दिया गया है। एसी स्लीपर में यह दर 2.81 रुपए से बढ़कर 3.20 रुपए हो गई है। हालांकि अंतिम किराया लागू गणना और राउंडिंग नियमों पर निर्भर करेगा। वहीं सरकार ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि बस संचालक निर्धारित दर से ज्यादा किराया नहीं ले सकते, बस की श्रेणी के अनुसार ही किराया वसूलना होगा। नियम तोड़ने पर परमिट धारक और परिचालक के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है।

बुजुर्ग और दिव्यांगों को छूट

नई किराया अधिसूचना में कुछ विशेष श्रेणी के यात्रियों के लिए मुफ्त सफर की सुविधा भी है। इसके तहत नेत्रहीन व्यक्ति, दोनों पैरों से चलने में असमर्थ दिव्यांग, 80 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बुजुर्ग और एचआईवी पीड़ितों को निर्धारित शर्तों के तहत किराया नहीं देना होगा। इस सुविधा से इन वर्गों के उन लोगों को राहत मिल सकती है, जिन्हें इलाज या दूसरे जरूरी कामों के लिए बस से यात्रा करनी पड़ती है। शर्त यह है कि छूट का लाभ लेने ऐसे यात्रियों को सक्षम प्राधिकारी से जारी वैध फोटोयुक्त प्रमाण पत्र बस चालक या परिचालक को दिखाना होगा।

जादू टोना के संदेह पर हुई थी वारदात

चौथना हत्याकांड के तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ के ग्राम चौथना में हुए दोहरे हत्याकांड के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस जांच में यह सामने आया कि यह वारदात पारिवारिक विवाद व जादू टोना के संदेह पर किया गया था।

पुलिस के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी सुखी सोनकर, निवासी ग्राम चौथना द्वारा 9 अक्टूबर को अपने घर पहुंचने पर पत्नी कमला सोनकर एवं पुत्र खुमेन्द्र सोनकर को मृत अवस्था में तथा पुत्री ममता सोनकर को गंभीर रूप से घायल पाए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल युवती को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। रिपोर्ट पर धारा 332, 109, 103(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान घटना के बाद से फरार संदिग्ध हेमंत कुमार सोनकर की पतासाजी कर उसे 12 अक्टूबर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में उसके साथ सोनू सोनकर एवं श्रीमती केशर सोनकर की भूमिका सामने आई। पुलिस विवेचना के अनुसार, वारदात के पीछे पारिवारिक विवाद एवं परिवार के सदस्यों की तबीयत खराब होने को लेकर जादू-टोना का संदेह होना सामने आया। प्रकरण में मुख्य आरोपी द्वारा अपने चचेरे भाई खुमेन्द्र सोनकर एवं चाची कमला सोनकर पर धारदार हथियार से हमला किए जाने तथा चचेरी बहन ममता सोनकर को गंभीर रूप से घायल किए जाने के तथ्य सामने आए।

टंगिया और बाइक बरामद

आरोपियों से पूछताछ एवं उनकी निशानदेही के आधार पर घटना में प्रयुक्त लोहे की टंगिया तथा मोटर साइकिल बरामद कर विधिवत जब्त की गई। घटना के समय पहने गए कपड़ों एवं टंगिया के लकड़ी के बेंट को जलाकर नष्ट करने के प्रयास से संबंधित अवशेष भी प्राप्त हुए। पुलिस द्वारा प्रकरण में उपलब्ध साक्ष्यों एवं आरोपियों की भूमिका के आधार पर विवेचना आगे बढ़ाई गई। प्रकरण में साक्ष्य नष्ट करने एवं अन्य आरोपियों के साथ मिलकर योजना बनाने से संबंधित तथ्यों के आधार पर धारा 61(2) एवं 238 बीएनएस भी जोड़ी गई। प्रकरण में साक्ष्यों के आधार पर तीनों आरोपियों को 12 अक्टूबर को दोपहर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

आरोपी के घर से ढाई किलो गांजा बरामद, साथी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अवैध नशे के कारोबार के विरूद्ध पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक आरोपी के घर में दबिश देकर 2.5 किलोग्राम गांजा बरामद कर कार्रवाई की है। इस मामले में अन्य आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश व मार्गदर्शन में घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध गांजा तस्करों एवं अन्य अपराधिक गतिविधियों पर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी घुमका निरीक्षक अब्दुल समीर एवं सायबर था ना राजनांदगांव के संयुक्त टीम ने 12 अक्टूबर को मुखबीर की सूचना के आधार पर घटना स्थल ग्राम छोटे बिरेझर थाना घुमका में आरोपी नेतराम बघेल के घर पर गवाहों के साथ पहुंचकर नेतराम बघेल के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए उसके घर से थैला में 4 अलग-अलग पैकेट से मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया।

फरार आरोपी की तलाश :बरामद शुदा गांजा का वजन 2 किलो 575 ग्राम है। आरोपी को 12 अक्टूबर को मौके पर गिरफ्तार कर देहाती नालसी कायम कर विवेचना पर लिया गया था। प्रकरण में संलिप्त अन्य एक आरोपी सौरभ बघेल अभी फरार है। प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी को रिमांड में भेजा गया।

अवैध शराब बिक्री का आरोपी गिरफ्तार, 115 पौवा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 115 पौवा शराब बरामद की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 11 अक्टूबर को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति रंगीटोला स्थित चिचोला शराब दुकान के पास काई रंग के कपड़े के थैले में शराब एकत्रित कर अवैध रूप से बिक्री करने हेतु ले जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा गवाहों को साथ लेकर मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। मुखबीर के बताए हुलिए के आधार पर एक व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम शालु मरकाम 19 वर्ष, निवासी दे वा र पा रा , बापूटोला बताया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया। इसके पश्चात आरोपी को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, डोंगरगढ़, के न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। प्रकरण में विवेचना जारी है।

थैले में रखा था शराब : विधिवत तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे में रखे काई रंग के कपड़े के थैले से शोले देशी प्लेन मदिरा शराब के 115 पौवा बरामद हुए। कुल कीमती 9,200 रुपये आंकी गई। पुलिस द्वारा शराब को विधिवत जब्त कर आवश्यक कार्रवाई की गई।



मां बम्लेश्वरी दर्शन के लिए पदयात्रियों का रेला

पांव में छाले और मुख से शेरावाली का जयकारा, सड़कों पर आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



सैकड़ों किलोमीटर की पदयात्रा, पांव में छाले और मुख से मां शेरावाली का जयकारा भक्ति में शक्ति को प्रदर्शित कर रहा है। जिले के डोंगरगढ़ में स्थित मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए शहर की सड़कों पर श्रद्धा और भक्ति का सैलाब दिखाई दे रहा है। यहां चौबीसों घंटे पदयात्री चल रहे है।

डोंगरगढ़ के पहाड़ों में विराजित बगुलामुखी मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए पद यात्रियों का रेला लगा हुआ है। राजनांदगांव सहित बालोद, दुर्ग, भिलाई, धमतरी, रायपुर, सिमगा, अभनपुर, बलोदा बाजार और प्रदेश के कई जिलों से पद यात्रियों का जत्था हाथों में ध्वजा पताका लिए डोंगरगढ़ की ओर बढ़ रहा है। एकम से ही पदयात्रियों की भीड़ आनी शुरू हो गई थी। आज नवरात्र के दूसरे दिन भी पदयात्री मार्ग में श्रद्धालुओं का रेला नजर आया। प्रतिदिन हजारों पदयात्री माता के दरबार पहुंच रहे हैं।

प्रतिवर्ष पद यात्राकर मां बमलेश्वरी के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालु डोंगरगढ़ पहुंचते हैं। इस वर्ष भी पद यात्रियों का हुजूम शहर की सड़कों में नजर आ रहा है। शहर की सड़के माता के जयकारे से गूंज रही है। हाथों में ध्वजा पताका और पांव में छाले होने के बाद भी उनके कदम नहीं रूक रहे हैं। मां बमलेश्वरी के दर्शन के लिए महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के सीमावर्ती जिलों से भी पदयात्री पहुंचते हैं।

सेवा पंडालों में सुविधाओं की कमी

मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन को जाने वाले पदयात्रियों की सेवा के लिए जिले के अंजोरा से डोंगरगढ़ तक सेवाभावी संस्थाओं द्वारा सेवा पंडाल लगाया गया है, लेकिन बीते वर्षों के मुकाबले सेवा पंडालों की कमी दिखाई दे रही है। भिलाई से पदयात्रा कर डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्री रवि यादव ने बताया कि वे बीते 15 वर्षों से पदयात्रा कर मां बमलेश्वरी के दर्शन को पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सेवा पंडालों में चाय, नाश्ते, फलाहारी और भोजन की व्यवस्था नहीं मिल पा रही है। सैकड़ो किलोमीटर मां बम्लेश्वरी मंदिर जाने अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए पदयात्रा कर रहे श्रद्धालुओं का कहना है कि मां के दर्शन करते ही थकान मिट जाती है।

दवाईयों की सुविधा

सेवा पंडालों में दवाईयों की व्यवस्था की जा रही है। यहां मेडिकल स्टॉफ के साथ ही मितानिनों की ड्यूटी भी लगाई गई है। पंडालों में पेरासिटामोल और अन्य दवाइयां तो है, लेकिन जो पदयात्री उपवास है और खाली पेट दवाइयां नहीं खा पा रहे हैं। उनके लिए दर्द निवारक मलहम की कमी दिखाई दे रही है। इसके साथ ही पंडालों में पट्टी, कॉटन की कमी भी है।


सरस्वती उत्सव समिति खैरा नवापारा


नर्मदा मंदिर परिसर नर्मदा


पटेल चौक चकनार


महावीर चौक चकनार


शीतला चौक कुकुरमुड़ा


दुर्गा समिति कुकुरमुड़ा चौक


दुर्गा समिति भाटापारा


दुर्गा समिति सड़क अतरिया







पहले दिन ज्योति कलशों और प्रतिमा की स्थापना, गूंजने लगे सेवा गीत

देवी मंदिरों में उमड़ने लगी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

क्वांर नवरात्र के मौके पर मां बम्लेश्वरी सहित नगर के रणचंडी मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर, दुर्गा मंदिर, कारीपाठ, गढ़ माता, करेला भवानी भंडारपुर एवं शीतला मंदिर में ज्योति कलशों की स्थापना की गई है। नवरात्र के पहले दिन लगभग 1 लाख दर्शनार्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। माता के दरबार को आकर्षक लाईट के अलावा मयूर पंखो से सजाया गया है जो आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। जानकारी के अनुसार उपर मंदिर में 8261, नीचे मंदिर में 911 एवं शीतला मंदिर में 63 ज्योत प्रज्वलित की गई है। पहले दिन बम्लेश्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष ने बैगा एवं आचार्यों की उपस्थिति में माता बम्लेश्वरश्की प्रथम ज्योत को प्रज्वलित किया। काल भैरव और छिन्नमस्ता माता के आव्हान के साथ ट्रस्ट के कार्यकर्ता एवं कर्मचारीयों ने अन्य ज्योति कलशों को प्रज्वलित किया।

साल्हेवारा। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर सिद्धपीठ मां बंजारी का दरबार श्रद्धा, भक्ति से सराबोर है। मंदिर में प्रज्वलित 360 ज्योति कलश माता रानी के दरबार की दिव्यता बढ़ा रहे हैं। ज्योति कलशों की स्वर्णिम आभा और माता के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। मां के दर्शन राप्त करने के लिए छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

मंदिर के पुजारी पंडित नरेंद्र मिश्रा ने बताया कि ज्योति प्रज्जवलन के साथ मां बंजारी का दरबार भक्तों की श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। मां बंजारी धाम तक पहुंचने वाला पहाड़ी मार्ग था। पहाड़ियों और घुमावदार मोड़ों से गुजरने वाले इस मार्ग पर आवागमन करना लोगों के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है। लोक निर्माण विभाग ने सड़क निर्माण करवाकर संकेतक लगा दिया है जिससे श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम हो गई है।

ज्योति कलश से जगमगाया मां का दरबार

ठेलकाडीह। ग्राम महरूम कला के सार्वजनिक दुर्गा मंच पर 66 ज्योति कलश श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का प्रतीक बने हुए हैं। यहां 1985 से ज्योति कलशों की स्थापना की जा रही है। ज्योति कलशों के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ज्योति कलशों का विसर्जन लगभग 2 किलोमीटर की विसर्जन यात्रा निकालकर किया जाएगा।



नवरात्र पर्व की धूम

कलकसा। ग्राम मुढ़ीपार स्थित दुर्गा मंदिर में माँ दुर्गा उत्सव मंदिर समिति एवं ग्रामीणों के तत्वावधान में शारदीय नवरात्र के मौके पर 77 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए है। गाँव में नवरात्रि के प्रथम दिवस से ही भक्तिमय माहौल है। गाँव के चौक चौराहों में देवी प्रतिमा विराजित की गई है। माँ संतोषी मंदिर में भी ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया है। बाजार चौक, इंदिरा आवास, घुमियार चौक, साहू पारा में माता सरस्वती, कर्मा भवन, मजदुर चौक में माँ दुर्गा की प्रतिमा विराजित किया गया है।

विर्सजन में शामिल होगी कुंवारी माता

अर्जुनी। क्वांर नवरात्र के मौके पर ग्राम के बस स्टैंड में जन सहयोग समिति ने विद्यादायिनी मां सरस्वती प्रतिमा की स्थापना की है। पंडाल में पहले दिन से धार्मिक आयोजन किए जा रहे है जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हो रहे है। जानकारी के अनुसार प्रतिमा का विसर्जन आगामी 20 अक्टूबर को किया जाएगा। विसर्जन शोभायात्रा में दोपहर 12 बजे कुंवारी माता शामिल होगी।



श्रद्धा के साथ माता रानी की स्थापना



खडगांव। ग्राम में रविवार को माता रानी आगमन हुआ। विधि-विधान के साथ मां दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की गई है। यह धार्मिक आयोजन हर साल व्यापारी संघ द्वारा किया जाता है। इस वर्ष आकर्षक पंडाल बनाकर साज सज्जा किया गया है। व्यापारी संघ ने जोड़े के साथ मां दुर्गा जी की पूजा अर्चना करने के लिए नाम दर्ज कराने की अपील की है। व्यापारी संघ अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष माता रानी की प्रतिमा ग्राम सनौद से लाया गया है। साज सज्जा ग्राम हथरा से करवाया गया है। सदस्य देवेन्द्र गुप्ता ने बताया कि नवरात्र के चलते गांव में भक्तिमय माहौल बन गया है। प्रतिमा स्थापना के दौरान जितेंद्र गुप्ता, देवेन्द्र गुप्ता, लक्की गुप्ता, गोविंद शर्मा, भीखम रावटे सहित अन्य उपस्थित थे।

कांग्रेस ने किया बिजली विभाग का घेराव

वोट चोरी के विरोध में पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को बिजली विभाग कार्यालय का घेराव किया। कांग्रेसियों ने कांग्रेस कार्यालय से रैली निकाली, जो जयस्तंभ चौक होते हुए बिजली विभाग कार्यालय पहुंची। इसके बाद रैली वापस जय स्तंभ चौक पहुंची, जहां पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था देखने मिली।

जय स्तंभ चौक पर अचानक कांग्रेसियों ने चुनाव आयुक्त का पुतला लाकर आग के हवाले कर दिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लगभग आधे घंटे तक जमकर नारेबाजी करते हुए वोट चोरी के मुद्दे पर अपना विरोध दर्ज कराया।

समापन अवसर पर राष्ट्रगान गाया गया। इसके पश्चात संविधान के अनुच्छेद का जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल दास साहू ने वाचन किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संवैधानिक अधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल दास साहू, रामकुमार पटेल, गजेंद्र ठाकरे, गिरिराज किशोर दास, देवराज किशोर दास, सज्जाक खान, भीखम छाजेड़, सुदीप श्रीवास्तव, रामानंद साहू, कोसन कोसरे, कपिनाथ महोबिया, इशू दुबे, भीम महोबिया, नरेश नेगी, सचिन जंघेल, मनी जंघेल, थैलेंद्र सिंह, हेमलाल सहित अन्य उपस्थित थे।



गर्भवती माताओं की गोद भराई



डोंगरगढ़। आयुर्वेद ग्राम बेलगांव में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर आंगनबाड़ी केंद्र में गोद भराई, अन्नप्राशन और बच्चों के लिए नेवता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को पौष्टिक आहार, स्वच्छता, नियमित स्वास्थ्य जांच और सुरक्षित मातृत्व के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को तिलक लगाकर, नारियल, फल, हरी सब्जियां, दालें एवं पोषण से भरपूर खाद्य सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने गर्भवती महिलाओं को एएनसी, नियमित टीकाकरण, आयरन, फोलिक एसिड एवं कैल्शियम की गोलियों के सेवन की जानकारी दी। महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार लेने तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी गई। छह माह की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। बच्चों के लिए नेवता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉ. आशा मांझी, सरपंच कौशल पटेल, छबिलराम साहू, मुरली, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन तथा महिलाएं शामिल हुई।

लोगों को हो रही बचत

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का बढ़ा क्रेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

साल-दर-साल बढ़ते बिजली बिलों और महंगाई से परेशान आम जनता के लिए अब सौर ऊर्जा एक बड़ा राहत का जरिया बनती जा रही है। क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं का रुझान पारंपरिक बिजली से हटकर सोलर ऊर्जा की ओर बढ़ रहा है। केंद्र और राज्य सरकार की ओर से दी जा रही सब्सिडी के चलते लोग बढ़-चढ़कर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठा रहे हैं।

विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता बीके उइके ने बताया कि कुछ साल पहले तक गिने-चुने लोग ही सौर ऊर्जा का उपयोग करते थे, लेकिन सरकारों द्वारा इस पर आकर्षक अनुदान देने के बाद से तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। अब लोग स्वतः आगे आकर अपने घरों की छतों पर सोलर सिस्टम लगवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि संभागीय क्षेत्र में अब तक 1878 उपभोक्ताओं ने इस योजना में रुचि दिखाते हुए अपना पंजीयन कराया है।संभागीय क्षेत्र में अब तक कुल 629 उपभोक्ताओं के घरों में सोलर सिस्टम सफलतापूर्व इंस्टॉल किए जा चुके हैं। शहर में भी इस योजना को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। शहर में अब तक 228 सोलर सिस्टम इंस्टॉल हो चुके हैं।



ग्रामीण अंचलों में भी छाया जादू

शहरी इलाकों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को बेहतर सफलता मिल रही है। विभाग के अनुसार खुज्जी, दिवानभेडी, गेंदाटोला और अन्य कई गांवों में बड़ी संख्या में लोगों ने अपने घरों की छतों पर सोलर सिस्टम लगवा लिए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती और महंगे बिलों से बचने के लिए इसे एक बेहतरीन विकल्प के रूप में देखा जा रहा है।

मिल रहा अनुदान

केंद्र और राज्य सरकार द्वारा सोलर पैनल लगवाने पर सब्सिडी दी जा रही है। वहीं सोलर पैनल लगने के बाद उपभोक्ताओं को भारी-भरकम बिजली बिलों से निजात मिल रही है। जरूरत से ज्यादा बनने वाली बिजली को वापस ग्रिड को बेचकर उपभोक्ता अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं।

जयंती समारोह में प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अग्रवाल समाज के संस्थापक महाराजा अग्रसेन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। अग्रवाल समाज के लोगों ने शोभायात्रा में शामिल होकर मानवता का संदेश दिया। शोभायात्रा का समापन मारवाडी धर्मशाला में हुआ। समापन अवसर पर आरती एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न आयोजनो के विजेताओं और प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि चंदन अग्रवाल थे। अध्यक्षता अनिता अग्रवाल ने की। विशेष अतिथि सुनिता अग्रवाल थी। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, बम्लेश्वरी ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, मयूर अग्रवाल, महेन्द्र अग्रवाल, चेतन अग्रवाल, सिद्धगोपाल नरेडी, प्रकाश मांगीलाल अग्रवाल, रितेष पचेरीवाल, बिरेन्द्र अग्रवाल, कन्हैया मोदी, कैलाश अग्रवाल, नवदीप अग्रवाल, शिव अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, नितिन पचेरी, आतिश नरेडी, पूनम अग्रवाल, गणेश नरेडी, कन्हैया गुरूजी, मनमोहन अग्रवाल, प्रकाश बिंदल, मधुसुधन अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।



शोभायात्रा का स्वागत

अग्रसेन जयंती महोत्सव पर निकली शोभायात्रा में भाजपा, सिख समुदाय के अलावा विभिन्न समाजिकजनों ने हिस्सा लेकर सामाजिक जनों ने बधाई दी। इस दौरान पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, हरविंदर सिंग मंगे, सुरेन्द्रसिंग बन्नोआना, प्रिंस कक्कड, प्रकाश चौरडिया, हरीश भंडारी, बिरेन्द्र सोनी, अक्षय भंडारी, बबलू कक्कड सहित अन्य उपस्थित थे।



सार समाचार

शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान

राजनांदगांव। पटरी पार क्षेत्र के चिखली स्कूल मैदान में रुद्राक्ष-वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित निःशुल्क हॉकी प्रशिक्षण केंद्र के तीन प्रतिभावान



खिलाड़ियों जान्हवी मेश्राम, भावेश निषाद एवं वशिष्ठ साहू ने 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग एवं बिलासपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण एवं रजत पदक हासिल किए। पदक विजेता खिलाड़ियों का जिले के प्रथम नागरिक एवं महापौर मधुसूदन यादव ने चिखली स्कूल में आयोजित सेवा संकल्प अभियान क़े अवसर पर इन प्रतिभाओं का सम्मान किया। खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता में टीम के वरिष्ठ एन आई एस हॉकी कोच अनुराज श्रीवास्तव, जावेद खान, योगेश द्विवेदी एवं महिमा यादव के मार्गदर्शन में यह उपलब्धि हासिल की। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम, पार्षद शिव वर्मा, सुनील साहू, लोकेश जैन, श्रुति जैन, अपूर्वा श्रीवास्तव, सावन वर्मा, मनोहर यादव एवं अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे उपस्थित रहे।

रानीसूर्यमुखी देवी की प्रतिमा स्थापित करने की मांग

राजनांदगांव। रानीसूर्यमुखी देवी की आदम कद प्रतिमा रानी सागर के आसपास स्थापित करने हेतु राजगामी संपदा के अध्यक्ष पूर्णिमा साहू को



मांग पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर जनहित मोर्चा के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन लाला देबू एवं उनके सहयोगी सदस्य उपस्थित रहे। राजगामी संपदा के अध्यक्ष द्वारा शीघ्र ही प्रतिमा हेतु प्रस्ताव पास की जाएगी। यह जानकारी संस्था जनहित मोर्चा के घनश्याम दास वैष्णव द्वारा दी गई।

मां भानेश्वरी देवी शक्तिपीठ में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

राजनांदगांव। ग्राम सिंघोला माँ भानेश्वरी शक्तिपीठ अर्चनीय वंदनीय प्रातः स्मरणीय ममतामयी जगत जननी मां भानेश्वरी शक्तिपीठ में 1077



ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए हैं। माँ भानेश्वरी देवी शक्तिपीठ में दुर्गा नवरात्रि में घी के ज्योति कलश 492 एवं तेल की ज्योति कलश 585 प्रज्जवलित किए गए। 15 अक्टूबर को यहां पंचमी कलश स्थापना की जाएगी। 18 अक्टूबर को हवन यज्ञ पूजन एवं पूर्णाहुति, 19 को जंवारा विसर्जन एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।देवी जस भजन प्रतिदिन शाम 6 बजे से प्रारभ किया जाता है। मंदिर समिति के पुजारी दिलीप कुमार ठाकुर, अध्यक्ष नंद साहू, उपाध्यक्ष भोज राम साहू, कोषाध्यक्ष सुरेश साहू, सचिव रोशन साहू,सह सचिव कुबेर साहू,संरक्षक- लखन साहू, पुरानिक साहू, रामबिलास साहू, अमर सिंह, भुवन साहू सहित माँ भानेश्वरी शक्तिपीठ, सदस्यगण एवं समस्त ग्रामवासियों ने भक्तगणों से उक्त कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है। उक्त जानकारी रूपेंद्र साहू ने दी।

घुमका में रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर आज

डोंगरगढ़। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन तथा सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत 13 अक्टूबर, मंगलवार को प्रातः 10 बजे से रानी अवंति बाई लोधी महाविद्यालय, घुमका में डोंगरगढ़ विधानसभा स्तरीय रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला कार्यक्रम संयोजक मधुसूदन यादव एवं भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में रक्तदान के साथ स्वास्थ्य परीक्षण, नेत्र जांच, रक्त समूह, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर एवं हीमोग्लोबिन जांच की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्यदेव त्रिपाठी, डॉ. दीपक वर्मा, भारतेंदु प्रसाद, डॉ. ओम प्रकाश, डॉ. सोम कुमारी एवं डॉ. मीरा देवांगन का आयोजन की सफलता के लिए सहयोग वा मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। रक्तदान शिविर प्रभारी नागेश यदु रक्तवीर एवं भाजयुमो जिला प्रभारी सुनील सेन ने विधानसभा क्षेत्र के सभी भाजपा मंडलों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, युवाओं, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शिविर को सफल बनाने की अपील की है।

अपर कलेक्टर ने सेवा पंडालों का किया निरीक्षण

राजनांदगांव। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने क्वांर नवरात्रि पर्व के दौरान माँ बम्लेश्वरी मंदिर



डोंगरगढ़ जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत पदयात्री मार्ग एवं विभिन्न सेवा पंडालों का निरीक्षण किया। उन्होंने सेवा पंडालों में विश्राम कर रहे पदयात्रियों से चर्चा कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने, स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध रखने तथा पेयजल, साफ-सफाई, शौचालय और विद्युत की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पंडालों में तैनात स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल स्टॉफ एवं उपलब्ध दवाइयों की भी जानकारी ली। उन्होंने आवश्यकता अनुसार मार्ग में बैरिकेडिंग कराने के निर्देश दिए। क्वांर नवरात्रि के अवसर पर अंजोरा से डोंगरगढ़ तक पदयात्री मार्ग में विभिन्न स्थानों पर सेवा पंडाल स्थापित किए गए हैं, जहां श्रद्धालुओं को सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माँ बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी, जनपद पंचायत राजनांदगांव के सीईओ मनीष साहू तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

उत्साह से मनाया जन्मदिन

डोंगरगढ़। पूर्व विधायक विनोद खांडेकर का जन्म दिन भाजपा संगठन सहित धार्मिक एवं समाजिक संस्थाओं ने विभिन्न स्थानों में आतिशबाजी



के साथ केक काट कर मनाया। शहर भाजपा मंडल, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, नगर पालिका के जनप्रतिनिधि, कृष्ण गौशाला, वार्ड 23, उपर मंदिर केंटीन, एवं स्थानीय सर्किट हाउस में जन्मदिन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन उत्सव को लेकर भव्य तैयारी

बॉलीवुड सिंगर जुबिन नौटियाल की होगी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के दिग्विजय स्टेडियम में पूर्व मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक डॉ रमन सिंह के जन्मदिवस को उत्साह पूर्वक मनाने के लिए युवा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा भव्य तैयारी की जा रही है। आगामी 15 अक्टूबर की रात यहां सूरों से सजी संगीतमय आयोजन होगा जिसमें बॉलीवुड के मशहूर प्लेबैक सिंगर जुबिन नौटियाल अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। आयोजन के इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह को उनके जन्मदिवस की बधाई देने हजारों लोगों की उपस्थिति रहेगी।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के जन्मदिवस पर ऐतिहासिक आयोजन करने के लिए युवा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा लगभग 40 लोगों की उपस्थिति को देखते हुए बैठक व्यवस्था बनाई जा रही है। बीते 3 वर्षों से डॉ रमन सिंह के जन्मदिन पर ऐतिहासिक आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के चौथे वर्ष में डॉ रमन सिंह का 74 वां जन्मदिवस मनाया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के प्रति यहां की जनता का स्नेह इस आयोजन के माध्यम से दिखाई देता है। अपने जन्म दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल होते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह अपने शहर, जिले और प्रदेश की जनता का अभिवादन इसी मंच से करेंगे।

मशहूर गीतों और भजनों की होगी प्रस्तुति

डॉ. रमन सिंह के जन्मदिवस पर युवा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2023 में राष्ट्रकवि शैलेश लोढ़ा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। वर्ष 2024 में राष्ट्रकवि डॉ. कुमार विश्वास और वर्ष 2025 में बॉलीवुड के मशहूर प्लेबैक सिंगर कैलाश खेर की प्रस्तुति हुई। वहीं वर्ष 2026 में 15 अक्टूबर की रात बॉलीवुड सिंगर जुबिन नौटियाल अपने मशहूर गीतों और भजनों की प्रस्तुति देंगे । उनके द्वारा गाए गीत मेरे घर राम आये है और कालरात ये कल्याणी काफी प्रसिद्ध लोकप्रिय है।



मंत्रिमंडल रहेगा मौजूद

जन्मोत्सव के आयोजन अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह को उनके जन्म दिवस की बधाई शुभकामनाएं देने राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा सहित प्रदेश का पूरा मंत्री मंडल, सांसद और विधायकों की उपस्थिति रहेगी।

आयोजन में बनेगा रिकॉर्ड

युवा वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष भावेश बैद ने बताया कि आयोजन को लेकर बैठक व्यवस्था के साथ- साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी व्यापक तैयारी की गई है। हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए यहां छह प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। इसके साथ ही बैठक व्यवस्था के बीच अलग-अलग खंडों में गलियारा भी बनाया गया है जहां से लोगों को आसानी से आने-जाने की सुविधा होगी। वहीं उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और सुविधाओं को लेकर बताया कि यहां पर पेयजल एंबुलेंस और चिकित्सकों की टीम भी उपस्थिति रहेगी। उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक आयोजन के अवसर पर एक रिकॉर्ड भी बनाया जाएगा।

युवा नेताओं में विवाद, वरिष्ठों से चर्चा बाद होगा निर्णय

संभाग प्रभारी के सामने दोनों युवा भाजपा नेताओं ने रखा अपना पक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा के एक मंडल अध्यक्ष और युवा नेता के बीच हुआ विवाद सुलझता नजर नहीं आ रहा है। जिले के वरिष्ठ नेताओं की समझाईश के बाद भी मंडल अध्यक्ष संबंधित युवा नेता के खिलाफ सख्त एक्शन की मांग कर रहें है। सोमवार को विधानसभा की बैठक लेने पहुंचे संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही के सामने भी दोनों नेताओं ने अपनी-अपनी बातें रखी। हालांकि संभाग प्रभारी ने भी दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद वरिष्ठों से चर्चा के बाद निर्णय की बात कहीं।

उल्लेखनीय है कि सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम में न्यौता नहीं मिलने को लेकर भाजपा के एक युवा नेता और मंडल अध्यक्ष के बीच जमकर विवाद देखने को मिला था। सूत्रों की माने तो जुबानी विवाद हाथापाई तक पहुंच गया था, जिसकी तत्काल शिकायत जिला भाजपा संगठन के साथ ही प्रदेश संगठन से की जा चुकीं है। हालांकि जिला संगठन ने दोनों ही नेताओं को समझाईशन देकर मामले को समाप्त करने का फरमान जारी किया था। परन्तु मंडल अध्यक्ष संबंधित नेता के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग कर रहें है।

संबंधित नेता पर कार्रवाई की उठ रही मांग



जल्द प्रदेश संगठन से होगी शिकायत

भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंडल अध्यक्ष ने अपना इस्तीफा भी एक पूर्व सांसद को सौंप दिया था। हालांकि अब तक इस्तीफा स्वीकार्य नहीं किया गया है। पूर्व सांसद ने भी दोनों ही नेताओं को आपसी खींचतान समाप्त कर पार्टी के लिए काम करने की सलाह दी है। हालांकि अब इस मामले में दोनों ही नेता प्रदेश संगठन से भी मिलने की तैयारी कर रहे है।

चर्चा बाद होगा निर्णय

भाजपा के संगठन स्तर की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें संगठन को और मजबूत करने की दिशा में चर्चा हुई है। इस बीच दो युवा नेताओं के बीच विवाद का मामला आया था, दोनों का पक्ष सुन लिया गया है। वरिष्ठों से चर्चा के बाद निर्णय लिया जाएगा।

-जगन्नाथ पाणिग्राही
संभाग प्रभारी, भाजपा

निष्कासन रद्द होने पर मुदलियार को किया धन्यवाद ज्ञापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्ड क्र. 40 कांग्रेस नेत्री अंजू बंजारे का निष्कासन रद्द होने पर आज शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार से मिली। विगत दिनों छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति की बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों के निष्कासित कांग्रेसजनों का निष्कासन तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए पुनः कांग्रेस पार्टी में कार्य करने हेतु वापसी किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पत्र अनुसार राजनांदगांव जिले के नौ कांग्रेस जनों का नाम शामिल है। अंजू बंजारे ने कांग्रेस में पुनः सेवा का अवसर प्राप्त होने पर वार्डवासियों के साथ शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार से मिलकर धन्यवाद ज्ञापित कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर जितेन्द्र मुदलियार ने अंजू बंजारे को मिठाई खिलाकर स्वागत अभिनंदन किया व कांग्रेस पार्टी में समर्थित भाव से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर युवा कांग्रेस नेता संदीप सोनी, सुभाष हरिहारनो, वार्ड अध्यक्ष तामेश्वर बंजारे भी उपस्थित रहे।

चीन में खेल स्पर्धा, देश का प्रतिनिधित्व करेगी ज्ञानेश्वरी



■ डॉ. रमन सिंह के मार्गदर्शन में पूर्णिमा साहू ने प्रदान की सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कारधानी राजनांदगांव की होनहार वेटलिफ्टर एवं गोल्ड मेडल विजेता ज्ञानेश्वरी यादव अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चीन में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की तैयारी कर रही हैं। उनकी इस खेल यात्रा को आगे बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारियों में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह के मार्गदर्शन में आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई।

जिला कलेक्टर जितेंद्र यादव एवं रानी सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा न्यास, छत्तीसगढ़ शासन की अध्यक्ष पूर्णिमा साहू के माध्यम से यह सहायता उपलब्ध कराई गई। ज्ञानेश्वरी यादव ने वेटलिफ्टिंग के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर गोल्ड मेडल हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। अब चीन में देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर उनके खेल जीवन की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उनकी इस उपलब्धि से जिले में खुशी का माहौल है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाने के लिए ज्ञानेश्वरी निरंतर अभ्यास और प्रशिक्षण में जुटी हुई हैं। वर्तमान में ज्ञानेश्वरी यादव पटियाला में खेल प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। इसी कारण सहायता राशि का चेक प्राप्त करने के लिए वे स्वयं उपस्थित नहीं हो सकीं। उनकी ओर से उनकी माता दुर्गा यादव एवं भाई रितेश यादव ने चेक प्राप्त किया। इस अवसर पर परिवार ने ज्ञानेश्वरी के खेल भविष्य को आगे बढ़ाने के लिए मिले सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त की। ज्ञानेश्वरी की माता दुर्गा यादव ने रानी सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा न्यास समिति के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस तरह की सहायता से खिलाड़ियों को अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने का संबल मिलता है।

इंडो नेपाल इंटरनेशनल कराते स्पर्धा आयोजित



राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ में आयोजित पहली इंडो नेपाल इंटरनेशनल कराते प्रतियोगिता 2 से 4 अक्टूबर को संपन्न हुई, जिसमें 1200 खिलाड़ियों ने उक्त प्रतियोगिता में भाग लिया। राजनांदगांव के गायत्री कराटेका के कराते प्रशिक्षक सेंसई जयप्रकाश साहू के मार्गदर्शन में 17 खिलाड़ियों ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लिया और खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 स्वर्ण, 10 रजत और 8 कास्य पदक कुल मिलाकर 30 पदको पर कब्जा जमा कर इस प्रतियोगिता में अपना वर्चस्व स्थापित किया। गोल्ड मेडल प्राप्त खिलाड़ियों में मोक्ष साहू, योजित साहू, मेहल राजगढ़ (दो गोल्ड), सचेतन चौगुले (दो गोल्ड), मोक्ष साहू, तृप्ति अहीर, जिज्ञांशु साहू, हर्षिता प्रजापति, रुद्र सराफ, याना सरोदे। सिल्वर मेडल प्राप्त खिलाड़ी- अयांश जैन, मोक्ष साहू, जिज्ञांशु साहू, वारीया टेम्बेकर, नवीन साहू, अदिति ठाकुर, अंशुल मानकर, रुद्र सराफ, याना सरोदे। ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त खिलाड़ी- अयांश जैन, योजित साहू, मोक्ष साहू, तोमन सोनकर, नवीन साहू, वारीया टेम्बेकर, हर्षिता प्रजापति, भावेश खरे रहे। खिलाड़ियों के इस शानदार उपलब्धि पर संस्कारधानी गौरवान्वित महसूस कर रही है और आगे भी ये खिलाड़ी ऐसे ही प्रदर्शन करके राजनांदगांव का नाम रोशन करेंगे।

कांग्रेस सांसद पर दुष्कर्म का आरोप भाजपा महिला मोर्चा ने फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जेएनयू यौन उत्पीड़न के आरोपों से घिरे प्रोफेसर एवं कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजम के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा ने प्रदर्शन किया और इस मामले में कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर सांसद का पुतला फूंका।

मणिपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद एवं जेएनयू प्रोफेसर अकोइजम के खिलाफ विश्वविद्यालय की छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। जिसके बाद भाजपा महिला मोर्चा द्वारा शहर के जयस्तभ चौक में विरोध प्रदर्शन किया गया और सांसद से इस्तीफे की मांग करते हुए सांसद का पुतला जलाया।



सांसद के खिलाफ नारेबाजी

भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित पुतला दहन के दौरान कांग्रेस सांसद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान महिला मोर्चा ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कांग्रेस भवन के सामने जयस्तंभ चौक पर ही उनका पुतला जलाया। पुतला दहन के दौरान बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सांसद पर कार्रवाई की मांग

भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पुष्पा गायकवाड, जिला मंत्री संगीता मिश्रा, मधुबैद सहित अन्य पदाधिकारी ने कहा कि कांग्रेस सांसद और जेएनयू प्रोफेसर ने पढ़ाई के बहाने नम्बर बढ़ाने को लेकर छात्राओं के साथ दुष्कर्म किया है। 11 छात्राओं ने इस मामले की शिकायत की है। जिसके बाद जांच समिति बनी और समिति ने आरोपों को सत्य पाया है। जिसके बाद उन्हें जेएनयू से निष्कासित कर दिया गया है। महिला मोर्चा ने की पदाधिकारी ने कहा कि सांसद के खिलाफ कार्रवाई और उनके इस्तीफे की मांग को लेकर पुतला दहन किया गया है।

मां पाताल भैरवी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

नवरात्रि पर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मां शक्ति की आराधना का पर्व शारदीय नवरात्र आज से प्रारंभ हो गया है। सुबह से जिले के देवी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। 11 से 20 अक्टूबर तक चलने वाले इस नवरात्रि पर्व में शहर के मां पाताल भैरवी मंदिर में छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वहीं यहां देश-विदेश से मनोकामना ज्योति भी प्रज्जवलित की गई है।

शहर की सिद्ध शक्तिपीठ मां पाताल भैरवी मंदिर में प्रतिवर्ष नवरात्र के अवसर पर छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु यहां मां के दर्शन के लिए पहुंचे हैं। तीन लोकों में स्थापित इस शिवलिंगाकार मंदिर के पाताल लोक में मां पाताल भैरवी, भू-लोक में राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी के साथ 10 महाविद्या और आकाश लोग में द्वादश ज्योतिर्लिंगों के साथ भगवान भोलेनाथ के दर्शन का सौभाग्य श्रद्धालुओं को मिलता है। जिसके चलते यहां नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उड़ती है। अन्य जिलों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने कहा कि यहां आकर काफी सुखद अनुभव होता है।

25 अक्टूबर को जड़ी-बूटी खीर का वितरण

मां पाताल भैरवी मंदिर समिति के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा का कहना है कि यहां श्रद्धालुओं द्वारा 23 सौ से अधिक मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 11 अक्टूबर से शुरू हुई नवरात्रि की पंचमी 15 अक्टूबर को होगी। जिसमें माता का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। वहीं 18 अक्टूबर को महाअष्टमी पर शाम 6 बजे से हवन प्रारंभ होगा। इसके साथ ही 19 अक्टूबर नवमी के अवसर पर सुबह 10 बजे से कन्याभोज और महाआरती होगी। वहीं दोपहर 12 बजे से मनोकामना ज्योति कलशों का विसर्जन प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि आगामी 25 अक्टूबर की रात शरद पूर्णिमा के अवसर पर यहां श्वांस दमा के लिए प्रसिद्ध जड़ी-बूटीयुक्त खीर का वितरण प्रतिवर्ष की भांति किया जाएगा।



Ajay Advt.

लोकार्पण: कुई-कुकदूर की छात्राओं को मिली नि:शुल्क बस सेवा की बड़ी सौगात

मंत्री टंकराम व विधायक भावना ने 5.96 करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर

वनांचल क्षेत्र में शिक्षा, प्रशासनिक सुविधाओं, महिला सशक्तिकरण और बुनियादी विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने शासकीय महाविद्यालय कुई-कुकदूर की छात्राओं के लिए निःशुल्क बस सेवा शुरू की। बस सेवा से दूरस्थ गांवों की छात्राओं को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी और उनके परिवारों पर परिवहन का आर्थिक बोझ भी कम होगा।

यह बस अमनिया से शुरू होकर नेऊर, कुशियारी, महीडबरा, दमगढ़, लुढ़ुटोला, उपका, अमेरा और कुर्सीकछार होते हुए महाविद्यालय पहुंचेगी। सोमवार को हेलिपैड मैदान कुई-कुकदूर में आयोजित कार्यक्रम में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा और विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने 5 करोड़ 96 लाख 96 हजार रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसमें 4 करोड़ 65 लाख 84 हजार रुपए की लागत से महाविद्यालय के नवीन भवन का भूमिपूजन, 71.12 लाख रुपए से निर्मित तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण तथा कुई और कुकदूर में 30-30 लाख रुपए की लागत से महतारी सदनों का भूमिपूजन शामिल है।

विधायक भावना बोहरा के आग्रह पर मंत्री टंकराम वर्मा ने ग्राम कापादाह में नवीन शासकीय महाविद्यालय की स्थापना तथा पंडरिया और पांडातराई महाविद्यालयों में ऑडिटोरियम निर्माण एवं परिसर विकास के लिए ढाई-ढाई करोड़ रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

बेटियों की पढ़ाई नहीं रुकेगी: भावना बोहरा

विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि वनांचल की बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ें और आत्मनिर्भर बनें, यही उनकी प्राथमिकता है। आवागमन की कठिनाइयों और आर्थिक बाधाओं के कारण किसी भी बेटी की पढ़ाई नहीं रुकनी चाहिए। इसी उद्देश्य से पंडरिया विधानसभा में निःशुल्क बस सेवा का विस्तार किया जा रहा है। कुई-कुकदूर में नई बस सेवा शुरू होने के साथ विधानसभा क्षेत्र में कुल 9 निःशुल्क बस सेवाएं संचालित होंगी, जिनसे अब तक 1500 से अधिक बेटियों को लाभ मिला है।

वनांचल में सुविधाओं का होगा विस्तार : टंकराम वर्मा

मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। कुई-कुकदूर में तहसील कार्यालय, महाविद्यालय भवन और महतारी सदन बनने से ग्रामीणों, विद्यार्थियों और महिलाओं को स्थानीय स्तर पर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने छात्राओं के लिए निःशुल्क बस सेवा शुरू करने की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे बेटियों की उच्च शिक्षा तक पहुंच आसान होगी और परिवारों को आर्थिक राहत मिलेगी।



समिति ने पौधारोपण कर सुरक्षा का लिया संकल्प

- एक पौधरोपण करने के लिए लोगों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

पर्यावरण संरक्षण समिति पंडरिया के साथ रविवार सुबह अनेक पर्यावरण प्रेमियों ने पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण व पौधरोपण का संदेश दिया। नवरात्रि के प्रारंभ होने के अवसर पर नगर के कुशालबन्द तालाब में समिति के सदस्यों द्वारा तथा समिति के सदस्य शिक्षक कमलकांत देवांगन की सुपुत्री ख्याति देवांगन द्वारा पीपल का एक-एक पौधरोपित कर लोगों से पर्यावरण संरक्षण की अपील की गई।

तत्पश्चत नगर के वरिष्ठ व्यवसायी हरीश जैन व उनके परिवार के सदस्यों भीखमचंद, गिरेन्द्र कुमार, अजय जैन, विजय कुमार-राजकुमारी, हरीश कुमार-ममता जैन, अजय कुमार, रुपेश कुमार, प्रणय जैन, परी जैन ने अपने मां स्व. कमला देवी जैन के पुण्यतिथि के अवसर पर गांधी उद्यान में कचनार, बेल, नीम, मीठानीम, गुलमोहर व पारिजात का पौधरोपित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। हरीश जैन ने बताया कि उनके परिवार में 100 से अधिक सदस्य हैं। जो अनेक स्थानों पर निवास करते हैं, उन्होंने बताया कि रविवार को सभी सदस्यों द्वारा प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम के संकल्प को पूरा करते हुए सभी सदस्यों द्वारा एक-एक पौधे लगाए गए हैं।

उन्होंने सभी लोगों से पौधरोपण करने की अपील की है। पंडरिया थाना प्रभारी अजय कुमार सिन्हा ने भी समिति के साथ अभनपुर निवासी अपने छोटे भाई अविनाश सिन्हा के जन्मदिन के अवसर पर अपने निवास में बेल का एक पौधरोपित कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण व पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होने बताया कि उनके परिवार के सदस्यों द्वारा बेल का पौधरोपित किया जाता है। उन्होंने सभी लोगों से पौधरोपण करने की अपील करते हुए पौधरोपण को जीवन के लिए अनिवार्य बताया।

खबर संक्षेप

महतारी वंदन योजना के फॉर्म का इंतजार, वंचित महिलाएं परेशान

कोलेगांव। छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना के तहत आवेदन करने से वंचित महिलाएं अब भी फॉर्म भरने का इंतजार कर रही हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1000 देने की घोषणा की थी। सरकार बनने के बाद कई महिलाओं को योजना का लाभ मिलने लगा, लेकिन कुछ महिलाएं आयु सीमा एवं अन्य कारणों से आवेदन नहीं कर पाईं। अब वंचित महिलाएं शासन से दोबारा आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की मांग कर रही हैं, ताकि उन्हें भी योजना का लाभ मिल सके। महिलाओं का कहना है कि आवेदन को लेकर लंबे समय से इंतजार करना पड़ रहा है। अब देखना होगा कि छत्तीसगढ़ शासन दोबारा फॉर्म भरवाने के लिए कब आदेश जारी करता है।

130 बच्चों को पुलिस ट्रेनिंग के लिए गणेश और आशीष तिवारी ने बांटा किट



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्राम घुघरी में पूर्व आयोजित भव्य सुरभि रुद्र महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा में स्वामी विवेकानंद अकादमी के बच्चों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और समर्पण से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं प्रदीप मिश्रा की उपस्थिति में आयोजित इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में बच्चों के योगदान को देखते हुए कार्यक्रम के आयोजक एवं कवर्धा जनपद उपाध्यक्ष गणेश तिवारी तथा आशीष तिवारी ने पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे, लगभग 130 बच्चों को शर्ट-पैंट (ट्रेनिंग किट) वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर डीएसपी प्रशांत देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थें, कार्यक्रम में कोच दशरथ एवं कोच रीना शर्मा की भी उपस्थिति रही। किट वितरण के दौरान बच्चों के चेहरों पर उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गणेश तिवारी ने कहा कि बच्चों की मेहनत और समर्पण ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। जो युवा आज अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य के लिए पसीना बहा रहे हैं, वही कल समाज और देश का गौरव बनेंगे। हमारा प्रयास है कि इन प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहन मिले और वे अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ें।

उन्होंने कहा कि सुरभि रुद्र महायज्ञ के दौरान बच्चों ने जिस निष्ठा और सेवा भाव से अपनी जिम्मेदारियां निभाईं, वह सराहनीय है। उनके इसी योगदान और भविष्य की तैयारी को ध्यान में रखते हुए यह छोटा-सा प्रयास किया गया है। युवाओं को आगे बढ़ने के लिए केवल मार्गदर्शन ही नहीं, बल्कि समय-समय पर सहयोग और प्रोत्साहन की भी आवश्यकता होती है।

जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी में नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां

करोड़ों की रिटर्निंगवॉल में नहीं हो रही तराई, कार्रवाई की मांग

- सरकारी निर्माण कार्यों में जमकर लापरवाही और भ्रष्टाचार का खेल, गुणवत्ता और तकनीकी मानकों के पालन नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री सड़क बसनी से प्राणखैरा से मार्ग पर ग्राम पंचायत रेहुटा-सूरजपुर की नरवा के पास रिटेनिंगवॉल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों ने गुणवत्ता और तकनीकी मानकों के पालन पर सवाल उठाए सरकारी निर्माण कार्यों में जमकर लापरवाही और भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है।

ताजा मामला कुछ दिन पहले एक फीट गहरे पानी के भीतर बनाई जा रही रिटर्निंगवॉल (सुरक्षा दीवार) का है, जहां निर्माण के बुनियादी तकनीकी नियमों को ताक पर रख दिया गया है। ग्रामीणों द्वारा शिकायत किए जाने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी नींद सोए हुए हैं और ठेकेदार-एजेंसी की मनमानी चरम पर है।

जिस पर ग्रामीणों ईतवारी यादव, कुलदीप साहू, परेम यादव व भागी गोड़ तथा वूधारी साहू से मिली जानकारी के अनुसार जलभराव वाले इस संवेदनशील स्थल पर सुरक्षा के लिहाज से रिटर्निंगवॉल का निर्माण कराया जा रहा है। तकनीकी नियमों के अनुसार पानी वाले स्थान पर विशेष सुरक्षा मानकों के साथ कंक्रीट का कार्य होना चाहिए, लेकिन यहां एक फीट भरे पानी के बीच ही सीधे दीवार खड़ी कर दी गई है। इसके साथ ही सीमेंट को मजबूती देने के लिए की जाने वाली तराई की प्रक्रिया पूरी तरह गायब है। सूखी और बेजान दिख रही यह दीवार पहली ही बारिश या पानी के तेज दबाव में ढहने की कगार पर पहुंच चुकी है।



शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी मौन

आमतौर पर किसी भी बड़े सरकारी निर्माण की गुणवत्ता बनाए रखने की जिम्मेदारी विभागीय इंजीनियर की होती है। लेकिन यहां का नजारा बिल्कुल उलटा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इंजीनियर खुद साइट पर मौजूद रहते हैं, फिर भी उनकी आंखों के सामने कंक्रीट की दीवार बिना पानी के सूखकर सफेद पड़ रही है। ग्रामीणों ने जब इंजीनियर और ठेकेदार से तराई न होने की शिकायत की, तो उनकी बात को पूरी तरह से दरकिनार कर दिया गया।

फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, पूछा कार्रवाई का वक्त

पिछले कई दिनों से लगातार शिकायतें करने के बावजूद जब निर्माण स्थल पर कोई सुधार नहीं दिखा, तो ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया। आज बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि प्रशासन की यह चुप्पी संदिग्ध है। ग्रामीणों ने साफ कहा, करोड़ों रुपए का बजट जनता के टैक्स का पैसा है। अगर इंजीनियर की मौजूदगी में ही ऐसा घटिया काम होगा, तो हम न्याय के लिए किसके पास जाएं? उच्च अधिकारी बताएं कि इस लापरवाही पर कब कार्रवाई की जाएगी?

शिकायत के बाद नहीं हो रहा है कार्यवाही, आंदोलन की दी चेतावनी

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और विभाग के उच्च अधिकारियों को चेतावनी दी है। यदि तत्काल प्रभाव से काम की गुणवत्ता की जांच नहीं की गई, इंजीनियर और ठेकेदार की जवाबदेही तय नहीं हुई और तराई शुरू नहीं की गई, तो ग्रामीण काम को पूरी तरह ठप कराकर उग्र प्रदर्शन की राह पकड़ेंगे।

927 किलो गांजा तस्करी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार



- 4.63 करोड़ का गांजा और कंटेनर हुआ था जब्त, आरोपी न्यायिक रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर 927.645 किलोग्राम गांजा तस्करी के मामले में फरार मुख्य आरोपी घनश्याम गुर्जर को चिल्फी पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 4 करोड़ 63 लाख रुपये है। आरोपी को 12 अक्टूबर को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार 24 फरवरी 2026 को चिल्फी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर राष्ट्रीय राजमार्ग-30 में नाकाबंदी कर एक कंटेनर की तलाशी ली थी। वाहन के गोपनीय चेंबर से 890 पैकेटों में छिपाकर रखा गया गांजा बरामद हुआ था। पुलिस ने गांजे के साथ करीब 30 लाख रुपये कीमत का कंटेनर भी जब्त किया था। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही थी। विवेचना के दौरान पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर राजस्थान निवासी घनश्याम गुर्जर की संलिप्तता सामने आई।

घटना के बाद से फरार आरोपी को पुलिस ने तकनीकी सहायता और लगातार पतासाजी के बाद राजस्थान के कोटपुतली-बहरोड़ जिले के बहरोड़ सदर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। ट्रांजिट रिमांड पर कबीरधाम लाने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया।कार्रवाई पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशन में की गई। इसमें चिल्फी थाना पुलिस, साइबर थाना और एएनटीएफ टीम की भूमिका रही। प्रकरण में आगे की विवेचना जारी है।

राष्ट्रीय स्तर मानक आंकलन कैंप में जिले के रोवर्स-रेंजर्स शामिल

पचमड़ी-मध्यप्रदेश में स्काउट शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर मानक आंकलन कैंप, पचमड़ी मध्यप्रदेश में आयोजित शिविर में स्काउट मास्टर राजेश कुमार साहू एवं गाड केप्टिन शीतला साहू के नेतृत्व में कबीरधाम जिला के रोवर्स-रेंजर्स ने राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी में राष्ट्रीय स्तर मानक आंकलन कैंप में सम्मिलित हुए। इस कैंप में पूरे भारत वर्ष से लगभग 12 राज्यों के कुल 350 रोवर्स एवं रेंजर्स शामिल हुए। कैंप में आए हुए रोवर्स-रेंजर्स के गतिविधियों के माध्यम से राज्य का आंकलन किया गया। इसके अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से कैंप क्राफ्ट, प्राथमिक उपचार, पायोनियरिंग, मैपिंग, कैंप फायर, बिना बर्तन के



खाना बनाना, ध्वजारोहण समारोह, बीपी सिक्स व्यायाम और कलर पार्टी शामिल था। इस पूरी प्रतियोगिता में जिले के रोवर्स एवं रेंजर्स शामिल हुए। पायनियरिंग में बच्चों ने मंकी ब्रिज बनाकर निर्णायक गण को खुश किए। साथ ही कैंप फायर में रोवर्स ने राउत नाचा प्रस्तुत कर छत्तीसगढ़ की संस्कृति से अवगत कराया और रेंजर्स द्वारा बस्तरिया बाला गाना पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी राज्य के रोवर रेंजर और निर्णायक को मंत्र मुग्ध कर दिया। जिला मुख्य आयुक्त सचिन गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा, जिला सचिव नीलम यदु, जिला प्रशिक्षण आयुक्त सुजीत कुमार गुप्ता, श्रीमती संजू मिश्रा, अजय चंद्रवंशी, भगवती हठीले, जिला मिडिया प्रभारी एवं रोवर स्काउट लीडर विजय कुमार साहू एवं समस्त स्काउटर-गाइडर में बधाई एवं शुभकामना दी।



खबर संक्षेप

वर्षा ऋतु में क्षतिग्रस्त सड़कों की होगी मरम्मत

कवर्धा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की गुणवत्ता और आवागमन की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, परियोजना मंडल दुर्ग के अधीक्षण अभियंता पी.मोहन राव सोनी ने कबीरधाम जिले में संचालित सड़क निर्माण एवं संधारण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने बोड़ला और पंडरिया विकासखंड की विभिन्न सड़कों की स्थिति का जायजा लेते हुए वर्षा ऋतु में क्षतिग्रस्त सड़कों की तत्काल मरम्मत कराने तथा निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण और संधारण कार्यों में गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता ने मुख्य मार्ग से मांदाघाट, सरोधा लालपुर रोड से रामचुवा, भोरमदेव मार्ग, बोड़ला से भोरमदेव मार्ग, मुख्य मार्ग से मोहगांव, मुख्य मार्ग से पांडातराई, पांडातराई से बैजलपुर, मुख्य मार्ग से सरईसेत, मुख्य मार्ग से बोक्करखार, दलदली से बनगौरा, मुख्य मार्ग चेन्द्रादार से पीपरखुंटा, मुख्य मार्ग खरिया से मुड़घुसरी तथा सलगी से भुरसीपकरी मार्ग के संधारण कार्यों का निरीक्षण किया।

शासकीय योजनाएं बदल रही परिवार की जिंदगी

कवर्धा। एक परिवार, कई योजनाओं का सहारा और जिंदगी में बड़ा बदलाव। ग्राम लालपुर के नारद साहू के परिवार को आवास, आयुष्मान, राशन और महतारी वंदन जैसी कई शासकीय योजनाओं का लाभ मिला। कभी टीन छप्पर वाले घर में बारिश के पानी से जूझने वाला परिवार आज पक्के मकान की सुरक्षित छत के नीचे खुशहाल जीवन बिता रहा है। सेवा संकल्प अभियान ने पात्रता के अनुसार परिवार को अलग-अलग योजनाओं से जोड़ा, तो स्वास्थ्य, खाद्यान्न, आवास और आर्थिक जरूरतों में सहारा मिला और जीवन पहले से बेहतर हुआ।

उत्पादों को बाजार से जोड़ने कार्यशाला

कवर्धा। कबीरधाम जिले के स्थानीय उत्पादकों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने, निर्यात की संभावनाओं से अवगत कराने तथा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की रैम्प योजना के तहत दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला 05 एवं 06 अक्टूबर 2026 को होटल रॉयल सेलिब्रेशन, रायपुर रोड, कवर्धा में आयोजित हुई। कार्यशाला में स्थानीय उत्पादकों एवं उद्योग संचालकों को निर्यात प्रक्रिया, उत्पादों के पंजीकरण, उत्पाद कोड, उत्पाद वर्गीकरण, निर्यात संबंधी दस्तावेजीकरण, गुणवत्ता मानक, पैकेजिंग एवं लेबलिंग सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। कार्यशाला में जिले के स्थानीय उद्योग संघों तथा खाद्य उत्पादों से संबंधित विनिर्माण इकाइयों के संचालकों ने सहभागिता कर निर्यात एवं व्यवसाय विस्तार की संभावनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

खपरी में जल जीवन मिशन योजना फेल, लाखों की पानी टंकी बनी शोपीस

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शासन की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना ग्राम खपरी में अपने उद्देश्य से भटकती नजर आ रही है। गांव में लाखों रुपये की लागत से निर्मित पानी की टंकी ग्रामीणों के लिए उपयोगी साबित होने के बजाय महज शोपीस बनकर रह गई है।

शासन की ओर से हर घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का वादा किया गया था, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि गांव में नलों से पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। ऐसे में योजना के क्रियान्वयन और सरकारी राशि के उपयोग को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्राम खपरी में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी का निर्माण कराया गया, ताकि ग्रामीणों को घर बैठे पेयजल की सुविधा मिल सके। लेकिन योजना का लाभ नहीं मिलने से ग्रामीणों की उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। टंकी बनने के बावजूद नलों से पानी नहीं आने के कारण ग्रामीणों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

जिस योजना से गांव के प्रत्येक घर तक पानी पहुंचाने की उम्मीद थी, वह अब तक अपने उद्देश्य को पूरा नहीं कर पाई है। ग्रामीणों के मुताबिक, पानी की टंकी का उपयोग नहीं होने से उसके नीचे बना चबूतरा और कमरा भी रखरखाव के अभाव में जर्जर होने की स्थिति में पहुंच रहे हैं। पाइपलाइन और अन्य व्यवस्थाओं के समुचित रखरखाव पर ध्यान नहीं दिए जाने से पूरे ढांचे की उपयोगिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि समय रहते व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो सरकारी राशि से तैयार की गई परिसंपत्ति के और खराब होने की आशंका है।

नल स्टैंड पर मवेशी बांधने की स्थिति



जल जीवन मिशन के तहत लगाए गए नल स्टैंड ग्रामीणों के लिए पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाए गए थे। लेकिन जब इन नलों से पानी ही नहीं आ रहा है, तो ग्रामीणों के लिए उनका कोई उपयोग नहीं रह गया है। स्थिति यह है कि कुछ ग्रामीण नल स्टैंड का इस्तेमाल मवेशियों को बांधने के लिए कर रहे हैं। यह स्थिति योजना के जमीनी क्रियान्वयन पर सवाल खड़े करती है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि टंकी और पाइपलाइन के माध्यम से नियमित जलापूर्ति शुरू हो जाए, तो गांव के लोगों को पेयजल के लिए होने वाली परेशानी से राहत मिल सकती है। इसके बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं होने से लोगों में निराशा बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी कार्यवाही शून्य

ग्रामीणों के अनुसार, पानी की आपूर्ति शुरू कराने के लिए वे कई बार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के कार्यपालन अभियंता दिलीप सिंह राजपूत को समस्या से अवगत करा चुके हैं। इसके अलावा ग्रामीण विभाग के चक्कर काटने के साथ जिला पंचायत सदस्य को भी अपनी परेशानी बता चुके हैं। इस संबंध में लिखित आवेदन दिए जाने की बात भी ग्रामीणों ने कही है। इसके बावजूद ग्रामीणों का दावा है कि अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। बार-बार शिकायत करने के बाद भी नलों से पानी की आपूर्ति शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के प्रति नाराजगी है। उनका कहना है कि जब योजना के निर्माण पर लाखों रुपये खर्च किए गए हैं, तो उसका लाभ गांव के लोगों को मिलना भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। ग्राम खपरी के ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन, संबंधित विभाग और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से मामले को गंभीरता से लेने की मांग की है।

हादसा : सनराइज पब्लिक स्कूल की बस का स्टेयरिंग जाम, बच्चे चोटिल

स्कूल से बच्चों को घर छोड़ने जा रही बस खेत में जा पलटी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी बीच सोमवार को पंडरिया ब्लॉक मुख्यालय के अंतर्गत ग्राम दामापुर और कापादाह के पास एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां सनराइज पब्लिक स्कूल की बच्चों से भरी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई।

हादसे के दौरान बस में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे सवार थे। दुर्घटना के बाद बस में सवार बच्चों के बीच चीख-पुकार मच गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी बड़ी अनहोनी की सूचना नहीं है। बच्चों को मामूली चोटें आने की जानकारी मिली है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त बस से बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालकर उपचार के लिए पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहीं, घटना की जानकारी बच्चों के परिजनों को भी दी गई।

सूचना मिलने पर पालक अस्पताल पहुंचे और अपने बच्चों का हाल जाना। चिकित्सकों के मुताबिक, बच्चों को मामूली चोटें आई हैं।



छुट्टी के बाद बच्चों को घर छोड़ने जा रही थी बस

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पंडरिया में संचालित सनराइज पब्लिक स्कूल की बस क्रमांक सीजी 09 जेएच 8509 सोमवार को स्कूल की छुट्टी होने के बाद बच्चों को उनके घर छोड़ने जा रही थी। इसी दौरान ग्राम दामापुर और कापादाह के पास अचानक बस का स्टेयरिंग जाम हो गया। इससे चालक बस पर नियंत्रण नहीं रख सका और बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। अचानक हुए इस हादसे से बस में सवार बच्चे घबरा गए। बस के पलटते ही अंदर चीख-पुकार मच गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों और राहगीरों ने तत्काल इसकी सूचना डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही आपातकालीन सेवा की टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया।

बच्चों को पहुंचाया गया अस्पताल

हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों और डायल 112 की टीम ने बस में फंसे बच्चों को बाहर निकालने में मदद की। इसके बाद सभी प्रभावित बच्चों को उपचार के लिए पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शुरुआती जानकारी के अनुसार, बच्चों को मामूली चोटें आई हैं। घटना की जानकारी मिलते ही बच्चों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। अपने बच्चों को सुरक्षित देखकर पालकों ने राहत की सांस ली। हादसे में किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं मिलने से राहत जरूर मिली है, लेकिन स्कूली बस में तकनीकी खराबी के कारण हुई इस घटना ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

अचानक कैसे जाम हुआ स्टेयरिंग

इस दुर्घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि चलते समय बस का स्टेयरिंग अचानक जाम कैसे हो गया। क्या बस की नियमित जांच और रखरखाव किया जा रहा था? क्या वाहन की फिटनेस की समय-समय पर जांच होती है? यदि बस में पहले से कोई तकनीकी खराबी थी, तो उसे दूर किए बिना बच्चों को लाने-ले जाने के लिए सड़क पर क्यों उतारा गया? हालांकि, स्टेयरिंग जाम होने के कारणों और बस की तकनीकी स्थिति के संबंध में अभी तक पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है। दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही चल सकेगा। वहीं, हादसे के समय बस में कितने बच्चे सवार थे, इसकी सटीक संख्या भी फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाई है।

कथित भ्रामक टिप्पणी करने वाला आरोपी युवक गिरफ्तार



- थाने में हंगामा कर शिकायत कर्ता को धमकी देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सोशल मीडिया पर सर्व यादव समाज के दही हांडी कार्यक्रम को लेकर कथित भ्रामक टिप्पणी प्रसारित करने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने करन साहू आयु 24 के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। वहीं, विवेचना के दौरान थाने में हंगामा करने और शिकायतकर्ता को धमकी देने के आरोप में उसके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सर्व यादव समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने इस संबंध में सिटी कोतवाली थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि 5 सितंबर को कवर्धा में आयोजित दही हांडी कार्यक्रम को लेकर करन साहू ने सोशल मीडिया पर समाज के युवाओं एवं अन्य लोगों के संबंध में कथित तौर पर शराब के नशे में कार्यक्रम आयोजित करने संबंधी टिप्पणी प्रसारित की थी। इस टिप्पणी को लेकर समाज के लोगों ने आपत्ति जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी।

विवेचना के दौरान थाने में किया हंगामा

पुलिस के अनुसार, 11 अक्टूबर को मामले की विवेचना के दौरान आरोपी गवाहों के सामने आक्रोशित होकर चिल्लाने लगा। इस दौरान उसने शिकायतकर्ता को देख लेने की धमकी दी। पुलिस द्वारा समझाइश दिए जाने के बावजूद वह हंगामा करता रहा और मारपीट करने पर आमादा हो गया। इस स्थिति से थाने में शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका उत्पन्न हो गई। मामले की गंभीरता और शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 178 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। सोशल मीडिया पर कथित भ्रामक टिप्पणी के मामले में अपराध दर्ज करने के साथ ही थाने में हंगामा और शिकायतकर्ता को धमकी देने के आरोपों पर भी कार्रवाई की गई। न्यायालय के आदेश के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया।

जिला स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में गीता गुरुकुल के विद्यार्थियों ने जीते 12 पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭स. लोहारा

जिला स्तरीय प्रथम कराटे चैंपियनशिप में गीता गुरुकुल पब्लिक स्कूल, बांधाटोला, सहसपुर लोहारा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 12 पदक हासिल किए। प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक जीतकर विद्यालय, अपने अभिभावकों और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया।

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्रतियोगिता में आयुष पटेल, मुकेश पटेल और ट्विंकल पटेल ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं रुचि पटेल, रुद्र पटेल, सक्षम पटेल, आयुष निर्मलकर, टायुष मरकाम और गगन पटेल ने रजत पदक हासिल किए।

इसी क्रम में भुनेश्वर पटेल, दिव्यांश वर्मा और लक्षिका पटेल ने कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कराटे जैसे मार्शल आर्ट में खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और अभ्यास के दम पर सफलता हासिल की।

इस उपलब्धि से विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी खेलकूद के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

ईंधन के अभाव में बीच रास्ते बंद हुई कचरा गाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

नगर पंचायत बोड़ला में सफाई व्यवस्था को लेकर किए जा रहे दावों के बीच कचरा संग्रहण वाहन के बीच रास्ते में बंद हो जाने का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार, नगर के विभिन्न वार्डों से कचरा एकत्र करने वाली गाड़ी ईंधन खत्म होने के कारण बीच रास्ते में ही खड़ी हो गई। स्थिति ऐसी बनी कि वाहन को ट्रैक्टर के सहारे टोचन कर ले जाना पड़ा। इस घटनाक्रम ने नगर पंचायत की कार्यप्रणाली और सफाई व्यवस्था के संचालन को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत बोड़ला का स्थानीय पेट्रोल पंप संचालक के पास ईंधन का लाखों रुपये का भुगतान बकाया है। बताया जा रहा है कि पुराने बिलों का भुगतान नहीं होने के कारण पेट्रोल पंप संचालक ने उधारी में ईंधन देने में असमर्थता जताई है।

इसके बाद नगर पंचायत के वाहनों के लिए ईंधन की व्यवस्था करने में परेशानी आने की बात सामने आई है। यह भी बताया जा रहा है कि कचरा वाहन को चलाने के लिए 100 से 200 रुपये की राशि जुटाकर थोड़ी मात्रा में ईंधन डलवाया जा रहा है।

हालांकि, इस संबंध में नगर पंचायत प्रशासन की ओर से विस्तृत आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। यदि ईंधन की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो पाती है, तो इसका असर नगर के विभिन्न वार्डों में नियमित कचरा संग्रहण पर पड़ सकता है।



सफाई व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका

नगर में नियमित साफ-सफाई और कचरे का उठाव नागरिक सुविधाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। ऐसे में कचरा संग्रहण वाहन के ईंधन के अभाव में बंद होने की घटना ने व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि वाहनों के संचालन और ईंधन भुगतान की समस्या का समय रहते समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में सफाई व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। नागरिकों के बीच भी यह सवाल उठ रहा है कि नगर की बुनियादी सेवाओं के संचालन के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था किस तरह की जा रही है।

ग्राम धरमपुरा और बिरकोना में बुनियादी सुविधाओं का होगा विस्तार

गृहमंत्री शर्मा ने 78.51 लाख के विकास कार्यों की रखी नींव

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और विकास कार्यों को गति देते हुए मुख्यमंत्री गौरव पथ योजना के अंतर्गत कुल 78.51 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क सह नाली निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर क्षेत्र की महिलाओं की सहभागिता के साथ भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। भूमिपूजन के साथ ही दोनों निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिए गए। इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा व्यवस्थित नाली निर्माण से जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी। इससे गांवों में सड़क एवं नाली जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा और ग्रामीणों को दैनिक आवागमन में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री गौरव पथ योजना के अंतर्गत ग्राम धरमपुरा में मानिकचैरी मेन रोड से धान खरीदी केंद्र एवं गौठान तक 49.74 लाख रुपये की लागत से 0.500 किलोमीटर लंबाई में सीसी सड़क सह नाली का निर्माण किया जाएगा।

इस निर्माण कार्य से ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। साथ ही सड़क के किनारे नाली निर्माण होने से जल निकासी व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। इसके साथ ही ग्राम बिरकोना में 28.77 लाख रुपये की लागत से 0.25 किलोमीटर लंबाई में सीसी सड़क सह नाली निर्माण कार्य कराया जाएगा। उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने संबंधित अधिकारी और ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

ग्राम धरमपुरा व बिरकोना का लगातार हो रहा विकास



इसी कड़ी में ग्राम बिरकोना में 1 करोड़ 2 लाख 96 हजार रुपये तथा ग्राम धरमपुरा में 1 करोड़ 24 लाख 7 हजार रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए गए हैं। इसके साथ ही दोनों गांवों में सैकड़ों प्रधानमंत्री आवासों का निर्माण भी किया गया है, जिससे ग्रामीण परिवारों को पक्के मकान की सुविधा मिली है। सरकार का उद्देश्य गांवों में सड़क, नाली, आवास सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर ग्रामीणों के जीवन को और अधिक सुविधाजनक बनाना है।

बांझीमौहा में डिप्टी सीएम द्वारा 13 लाख स्वीकृत, सामुदायिक भवन निर्माण जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत जेवड़न खुर्द है।

ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम बांझीमौहा में छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम और क्षेत्र के विधायक विजय शर्मा द्वारा सामुदायिक भवन के नव निर्माण के लिए 13 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति मिलते ही ग्राम पंचायत के सरपंच अमित चंद्रवंशी ने सामुदायिक भवन का नव निर्माण कार्य जोर-शोर से शुरू कर दिया है।



बता दें कि ग्राम बांझीमौहा में लंबे समय से सामुदायिक भवन का अभाव था, इसको देखते हुए डिप्टी सीएम ने 13 लाख की स्वीकृति प्रदान की है, ताकि ग्रामवासियों को सामुदायिक भवन का लाभ मिल सके। वर्तमान में सामुदायिक भवन के नव निर्माण के लिए कॉलम की खुदाई कर सरिया के कॉलम खड़े किए जा चुके हैं, जिसकी तैयारी ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा जोर-शोर से कराई जा रही है। नव निर्माण होने के बाद सभी समाज और ग्रामवासियों को इसका लाभ जल्द मिलेगा।